व्यापक कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना (सीसीएचआईएस) तैयार

चर्चा में क्यों?

7 मार्च, 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने चंडीगढ़ में हुई सीसीएचआईएस योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा बैठक में बताया कि हरियाणा स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक व्यापक कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना (सीसीएचआईएस) तैयार की गई है, जिसे जल्द ही मुख्यमंत्री के समक्ष मंज़ूरी के लिये पेश किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया कि इस योजना से बोर्डों और निगमों सहित लगभग 3.35 लाख परिवार (लगभग 14.30 लाख व्यक्ति) कर्मचारी लाभान्वित होने की उम्मीद है।
- इसके अलावा, पेंशनधारकों के 3.05 लाख परिवार (6.10 लाख व्यक्ति), मान्यता प्राप्त मीडियाकर्मियों के 1200 परिवार (लगभग 4800 व्यक्ति), आज़ाद हिंद फौज के सैनिकों के 424 परिवार (848 व्यक्ति), हिन्दी आंदोलन से जुड़े 186 परिवार (372 व्यक्ति), आपातकाल के दौरान जेल में बंद 555 परिवार (1,110 व्यक्ति) और दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जेल में बंद 614 परिवार (1228) इस योजना से लाभान्वित होंगे।
- इस व्यापक कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत कुल 6 लाख 52 हज़ार परिवारों (20.48 लाख व्यक्ति) को कवर किये जाने की उम्मीद है।
- स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव प्रभजोत सिंह ने बताया कि विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों से इस योजना के संबंध में टिप्पणियाँ व सुझाव मांगे जा चुके हैं। इनके अलावा विभागों, विश्वविद्यालयों, बोर्डों निगम, मिनिस्टीरियल एजुकेशन कर्मचारियों के विभिन्न कर्मचारी और पेंशनधारक यूनियनों के भी सुझाव लिये गए।
- उल्लेखनीय है कि इस योजना का ड्राफ्ट पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन तथा प्रस्ताव को व्यापक विचार-विमर्श के लिये मुख्य सचिव की वेबसाइट पर भी रखा गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/comprehensive-cashless-health-insurance-scheme-cchis